हरिभूमि
# विंध्य भूमि
जबलपुर, शनिवार 6 जुलाई 2024
login : www.haribhoomi.com
सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना


## खबर संक्षेप

### काल के गाल में समा गए 11 गोवंश



**मैहर**। टमस नदी के पास अज्ञात वाहन द्वारा रात्रि 11 गोवंश बहेराहमी तरीके से रौंदकर अज्ञात वाहन भाग गया। सुबह जब लोगों देखा तो पूर्व नगर संयोजक महेश तिवारी को खबर दी। उन्होंने तुरंत में डॉक्टर को बुलाकर बचे हुए गोवंश का इलाज कराया। वहीं जिला प्रशासन से आग्रह किया कि जवाबदारों को निर्देशित करें ताकि मृत गोवंशों को भूमि के अंदर दफनाया जा सके। मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा जगह-जगह गौशाला खोली गई है लेकिन गौशाला की देखरेख करने वाले सिर्फ फॉर्मेलिटी एवं अपने जेब भरने का काम करते हैं गौशाला उनकी कभी भी ठीक से देख-रेख नहीं करते जिससे कि आए दिन रात होते ही रोड के ऊपर आकर बैठ जाती हैं जिससे आए दिन दुर्घटनाएं मैं अपनी जान गावती हैं प्रशासन से अनुरोध है कि जितने भी शहर में आवारा गोवंश जानवर है इनको व्यवस्थित कराकर गौशाला पहुंचाएं जिससे आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं में अपनी जान नहीं गवानी पड़ेगी।

### केन्द्रीय राज्यमंत्री ने अमरकंटक पहुंचकर मां नर्मदा के किये दर्शन

**अमरकंटक**। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू (शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार) ने अमरकंटक पहुंच मां नर्मदा के दर्शन कर कल्याण सेवा आश्रम में स्वामी हिमाद्री मुनि जी महाराज का आर्शीवाद प्राप्त किया। मंत्री का स्वागत स्वामी धमानंद जी महाराज, स्वामी हर स्वरुप जी महाराज, स्वामी सुंदरानंद जी महाराज ने किया। अपने अल्प प्रवास पर अमरकंटक आये केंद्रीय राज्यमंत्री ने सर्वप्रथम माता नर्मदा मंदिर पहुंचकर पूजन किया देश की खुशहाली के लिए आशीर्वाद माँगा। इसके पश्चात बाबा कल्याण दास के आश्रम पहुँचकर स्वामी हिमाद्रि मुनि जी महाराज से आर्शीवाद ग्रहण किया एवं अमरकंटक के विषय में जानकारी प्राप्त की उनके साथ अन्य गणमान्य नागरिक प्रमुख रूप से गोपाल, अमित मेठवानी एवं भाजपा नेता वरिष्ठ नागरिक एवं पत्रकार उमाशंकर पाण्डेय उपस्थित रहे।

### कमिश्नर, एडीजीपी एवं कलेक्टर ने ग्राम छातापटपर में किया पौधारोपण

**अनूपपुर**। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद, एडीजीपी शहडोल जोन डीसी सागर, कलेक्टर अनूपपुर आशीष वशिष्ठ ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत अनूपपुर जिले के जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत छातापटपर में ग्रामीणों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। इस दौरान कमिश्नर ने ग्रामीणों से चर्चा भी की तथा ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि हमें पर्यावरण को बचाना चाहिए। मानव स्वास्थ्य के लिए पर्यावरण का संरक्षण अति आवश्यक है।

# चित्रकूट में हरियाली अमावस्या पर उमड़े श्रद्धालु





## मंदाकिनी नदी में डुबकी लगाकर किए भगवान कामतानाथ के दर्शन





सतना। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की तपस्थली चित्रकूट में आषाढ़ माह की अमावस्या पर आस्था का सैलाब उमड़ा। भक्तों ने आपदा का हरण करने वाले भगवान कामतानाथ के चरणों में आस्था के फूल समर्पित कर मत्था टेका। हरियाली अमावस्या के रूप में मनाए जाने वाले इस दिवस विशेष पर शुक्रवार को पावन सलिला मंदाकिनी में डुबकी लगा कर भगवान कामतानाथ के दर्शन और कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा करने लाखों श्रद्धालु चित्रकूट पहुंचे।

भक्तों के चित्रकूट पहुंचने का सिलसिला गुरुवार की रात से ही शुरू हो गया था। भक्तों ने मंदाकिनी में डुबकी लगा कर दीपदान किया और फिर भगवान कामतानाथ के दर्शन-पूजन कर कामदगिरि पर्वत की प्रदक्षिणा की।

अमावस्या मेला के मद्देनजर एमपी के सतना जिला प्रशासन के अलावा यूपी के चित्रकूट धाम प्रशासन ने भी सुविधा-सुरक्षा के लिहाज से व्यापक इंतजाम किए हैं। अनुमान है कि अमावस्या पर देर रात तक देश भर से लगभग 5 लाख श्रद्धालु चित्रकूट पहुंच कर दर्शन-पूजन करेंगे। बता दें कि चित्रकूट में अमावस्या पर हर माह लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। दीपावली पर पड़ने वाली अमावस्या पर चित्रकूट में 5 दिवसीय दीपदान मेला लगता है। अमावस्या पर यहां दर्शन-पूजन, परिक्रमा और दीपदान का विशेष महत्व है।

# आदर्श मार्केट का सपना कब होगा पूरा?

## जन प्रतिनिधियों में सामंजस्य की कमी, सतना चेंबर में सौपा सांसद को ज्ञापन



सतना। वर्षों से लालफ़ीताशाही की गिरफ्त में कैद स्टेशन रोड की स्थिति आदर्श मार्केट की बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर सतना चेम्बर आफ कामर्स के नेतृत्व में आदर्श मार्केट के व्यापारियों ने सांसद गणेश सिंह से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा और आग्रह किया कि कलेक्टर, नजूल और नगर निगम सतना के बीच घूम रही महत्वाकांक्षी योजना को पूर्ण कराने में सहयोग करें। यहां बताना यह भी महत्वपूर्ण होगा कि वर्षों पूर्व तबके कलेक्टर संतोष मिश्रा और तबके आईजी पवन श्रीवास्तव ने रात भर जेसीबी मशीनों से तोड़फोड़ करके सड़क को चौड़ी करने का काम किया था लेकिन सड़क आज भी वही स्थिति में है। एक समय था जब सांसद विधायक और महापौर भाजपा के ही थे उसके बाद भी सपना साकार नहीं हो सका है।

### दस्तावेज भेंट करके रखा पक्ष

चेंबर महामंत्री मनोहर सुगानी ने जानकारी दी है कि अध्यक्ष विवेक अग्रवाल के नेतृत्व में सतना नगर के अंदर यातायात व्यवस्था और सौंदर्यीकरण के लिहाज से भी अति महत्वपूर्ण इस योजना से संबंधित सभी दस्तावेज सांसद को दिये गये और बताया गया कि लगभग 20 वर्षों से यह विषय घूम रहा है और इस पर कतिपय नौकरशाही कोई न कोई अड़चन पैदा करके मामले को ठंडे बस्ते में डाल देती है । उन्हें बताया गया कि ये 125 दुकानदार लगभग 50 वर्षों से इस जगह पर काबिज है और हमेशा शासन और नगर निगम का किराया समय से चुकाया है । इस योजना में सभी व्यापारी अपने खर्चे से स्टेशन रोड से 10 फिट दुकान पीछे करते हुए पीछे बनी दुकानो को भी आगे की पंक्ति में समायोजित करके एक सुंदर मार्केट बनाना चाहते हैं इससे स्टेशन रोड के पीछे भी एक समानांतर रोड तैयार हो सकेगी जिससे यातायात सुगम होगा ।

### नगर निगम का स्वामित्व नहीं

आदर्श मार्केट व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रतापराय मूलचंदानी और सचिव सुरेश आहूजा ने सांसद को यह भी बताया कि यहां 50 दुकानों को धारणा अधिकार के तहत पट्टा मिल गया है और शेष दुकानें , जिस पर नगर निगम अपना स्वामित्व बताता है, वह भूखंड और आराजी कभी भी नगर निगम सतना के नाम दर्ज नहीं हुई है ।

### कलेक्टर से फोन पर वार्ता

सांसद गणेश सिंह ने कहा कि सतना के विकास में इस योजना को पूरा करना आवश्यक है और इस विषय पर उन्होंने कलेक्टर सतना से भी फोन पर बात की तथा यथा शीघ्र इस विषय पर सभी पक्षों को बैठाकर हल निकालने का आश्वासन दिया ।

### सम्मान पत्र भेंटकर स्वागत

लगातार पांचवीं बार सांसद निर्वाचित होने पर उन्हें सम्मान पत्र भी भेंट किया गया । इस अवसर पर चेंबर अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, महामंत्री मनोहर सुगानी, मंत्री आनंद अग्रवाल, आदर्श मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रतापराय मूलचंदानी, सचिव सुरेश आहूजा, संजय आहूजा, सुनील गुप्ता, अनिल सचदेव, दीपक चुगवानी, सिद्धनाथ गुप्ता, संतोष शर्मा, पुरुषोत्तम दास नेनवानी, राजकुमार भागवानी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# टेलीग्राम एप्लीकेशन के माध्यम से ठगी के संबंध में एडवाइजरी

सतना। टेलीग्राम एप्लीकेशन के माध्यम से ठगी के संबंध में 'एडवाइजरी वर्तमान डिजिटल परिवेश में सायबर जालसाजों द्वारा नागरिकों को टेलीग्राम एप पर विभिन्न प्रकार से ठगा जा रहा है। जिसमें टेलीग्राम एप्लीकेशन पर विभिन्न प्रकार के मेसेज भेजकर धोखाधड़ी करना देखने में आ रहा है। टेलीग्राम एप पर सायबर ठग सक्रिय हैं, जो कई तरीकों से लोगों के साथ ठगी कर रहे है। ऑनलाइन जॉब, पार्ट टाइम जॉब, टास्क पूरा करने जैसे वीडियो, चैनल को लाइक या सब्स्क्राइब कराने पर कमीशन का लालच देकर फ्राड किया जा रहा है। क्रिप्टो करंसी में निवेश के नाम पर टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर ग्रुप के अन्य सदस्यों द्वारा कई गुना लाभ बताकर पीड़ति को उनके बताये अनुसार क्रिप्टो करेंसी में निवेस करने के नाम पर ठगी करना। टेलीग्राम पर असली ट्रेडिंग चैनल से मिलते-जुलते नाम के फर्जी चैनल बनाकर उसमें सम्मिलित करके फर्जी खरीद-फरोख्त, निवेश तथा लाभ दिखाकर पैसे फ्रॉड अकाउंट में डालकर ब्लॉक कर देना। टेलीग्राम पर प्रोडक्ट की शॉपिंग व सॉफ्टवेयर की मदद से रेटिंग बढ़ाने के नाम पर पैसे जमा कराना एवं लाभ दिखाकर पैसे ब्लॉक करके ग्रुप डिलीट कर देना। टेलीग्राम पर संचालित चैनलों पर फ्री मूवी, गेम, सॉफ्टवेयर डाउनलोड की सुविधा देकर पीड़ति के फोन में वायरस, मालवेयर ऐप इंस्टाल कर के फोन का डाटा चुराना। टेलीग्राम पर किसी भी अनजान प्रोफाइल, ग्रुप या चैनल से ना जुड़ें ना ही किसी दिए गए लिंक पर क्लिक करें। क्रिप्टो करंसी निवेश पर अत्याधिक लाभ, शॉपिंग या जॉब ऑफर्स के लालच में फीस, रजिस्ट्रेशन, एडवांस ट्रेडिंग मनी आदि के नाम पर किसी खाते में पैसे जमा न करें। टेलीग्राम पर किसी लिंक के माध्यम से ओपन हुए ऐप/वेबपेज पर अपनी व्यक्तिगत जानकारियां दर्ज न करें। अपने सभी सोशल मीडिया व ईमेल अकाउंट आदि पर टू-फेक्टर ऑथेंटिकेशन की सुविधा चालू करें, ताकि आपके अकाउंट आसानी से हेक ना किये जा सकें। किसी भी अंजान वेबसाइट के माध्यम से मूवी, सॉफ्टवेयर इत्यादी डाउनलोड न करें। इससे आपके मोबाइल में वायरस या मालवेयर इंस्टॉल करके मोबाइल का डाटा चोरी किया जा सकता है। यदि आपके साथ कोई सायबर अपराध घटित होता है तो उसकी शिकायत अपने नजदीकी पुलिस थाने में या ृण्बलइमतबतपउमण्हवअण्पद या टोल फ्री नम्बर 1930 पर करें।

## जिले में अब तक 124.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना**। जिले में इस वर्ष 1 जून से 5 जुलाई 2024 तक 124.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 264.5 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 102.1 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 83.6 मि.मी, बिरसिंहपुर में 99 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 57 मि.मी., नागौद में 144.6 मि.मी., जसो (नागौद) में 43 मि.मी. एवं उचेहरा में 205 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 105 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

# रावतपुरा सरकार संस्थान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



**सतना**। श्री रावतपुरा सरकार संस्थान चित्रकूट मे परम पूज्य संत शिरोमणि श्री रवि शंकर जी महाराज ( रावतपुरा सरकार) जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में वृहद व्रक्षारोपण का कार्यक्रम मनाया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जस्टिस सौरभ गोस्वामी सिविल जज, चित्रकूट कोर्ट (म0प्र0) एवं प्रो शिशिर पाण्डेय, उप कुलपति, जगद्गुरु विकलांग विश्वविद्यालय, चित्रकूट द्वारा व्रक्षारोपन किया गया। संस्थान के निदेशक रामपाल कौरव एवं संस्थान से सभी कर्मचारी व छात्रों द्वारा वृक्षारोपन किया गया। पौधारोपण मे आम, जामुन,बाबुल आदि की पौधे लगाए गए। तत्पश्चात संध्या समय संस्थान के सभी कर्मचारी, छात्र एवं भक्तो द्वारा संगीतमय सुंदरकाण्ड, माँ महलक्ष्मी लकछारचन एवं संत भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे सभी भक्तो एवं कर्मचारियों द्वारा भी भोजन प्रसाद ग्रहण किया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के निदेशक रामपाल कौरव की उपस्थित में सम्पन्न हुआ।

# अग्र भागवत में महाराजा अग्रसेन का राज्याभिषेक

## व्यास गद्दी सेआचार्य श्री उज्जवल गर्ग के मुख से बही भक्ति की गंगा





**सतना**। अग्र भागवत ने महाराजा अग्रसेन का राज्याभिषेक कार्यक्रम संपन्न हुआ। राज्याभिषेक के बाद अग्रसेन जी का विवाह नाग कन्या से सम्पन्न हुआ। जिसमे सभी अग्र बंधु बाराती बने। विवाह मे सविता रिंकू अग्रवाल, ने कन्या दान किया। पैर पूजन कन्या पक्ष से शशि अग्रवाल, सीमा अग्रवाल,पूजा अग्रवाल के साथ महिला मंडल की टीम ने किया। राजेश अग्रवाल शुभम ने बताया कि अग्रवाल समाज के सभी घटक, नव युवक मंडल महिला मंडल, अग्रसेन क्लब, अन्नपूर्णा समिति, अग्रवाल सेवा संघ सभी ने अग्र बंधुओ से निवेदन किया कि अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित हो कर भक्ति मय कार्यक्रम का आनंद ले। कथा समापन के बाद सभी के लिए भोजन की व्यवस्था है मंच संचालन संजय अग्रवाल आशीर्वाद ने किया।

# चौकीदारों के वेतन भुगतान कलेक्टर दर में किए जाने की मांग



**मैहर**। लंबे समय से पंचायतों में कार्यरत चौकीदारों व अन्य समकक्ष कर्मचारियों के वेतनमान में वृद्धि को लेकर चौकीदार संगठन ने कांग्रेस नेता प्रभात द्विवेदी एवं आप नेता पुष्पेंद्र सिंह व पंचायत चौकीदार संघ के मैहर जिला इकाई के अध्यक्ष प्रेमलाल कुशवाहा प्रदेश सचिव नाथूलाल कुशवाहा वह सैकड़ो पंचायत कर्मचारी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जिसमें उन्होंने अपने वेतनमान में वृद्धि एवं इस संबद्ध में न्यूनतम दर से संबंधित कानूनों पर विचार व कलेक्टर दर पर भुगतान की मांग की।कांग्रेस नेता प्रभात द्विवेदी ने कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते कहा कि सरकार इनका निरंतर शोषण कर रही है।अत्यंत अल्प वेतनमान पर इनसे कार्य लिया जा रहा है इन्हे वेतनमान देने में न तो कलेक्टर दर का ध्यान रखा जा रहा है और न ही न्यूनतम वेतन से संबंधित 1948 के अधिनियम का ध्यान रखा जा रहा है।

# सेवा कुटीरों में अध्ययनरत विशिष्ट आवासीय विद्यालयों के लिए 47 बच्चों का किया चयन

## चयनित बच्चे विद्यालयों में रहकर करेंगे आगे की पढ़ाई

**अनूपपुर**। मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित प्रदेश के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु हुई परीक्षा के परिणाम बुधवार को घोषित किए गए। इन परीक्षा परिणामों में परिवार संस्था द्वारा जिले में संचालित सेवा कुटीरों में अध्ययनरत 47 आदिवासी बच्चों का चयन हुआ। ये बच्चे जिले के एकलव्य विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर तथा आदर्श विद्यालयों में रहकर आगे की पढ़ाई करेंगे। परिवार संस्था के द्वारा इन बच्चों को इस प्रवेश परीक्षा के लिए विशेष रूप से तैयारी करवाई गई तथा परीक्षा के लिए आवेदन करने से लेकर परीक्षा देने तक बच्चों तथा उनके परिजनों का सहयोग किया गया। संस्था द्वारा इन चयनित बच्चों के सम्बंधित विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेज एकत्रित करवाने तथा विद्यालय जाकर प्रवेश सुनिश्चित करने का कार्य आरम्भ कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि परिवार एजुकेशन सोसायटी एक समाजसेवी संस्था है, जिसकी स्थापना आईआईटी-आईआईएम से शिक्षित विनायक लोहानी द्वारा वर्ष 2003 में की गई थी। संस्था द्वारा मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में शिक्षा, पोषण तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। अनूपपुर जिले में संस्था द्वारा 38 गाँवों में सेवा कुटीर के माध्यम से बच्चों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा पोषण युक्त आहार दिया जा रहा है। संस्था द्वारा जिले में 2 निःशुल्क एम्बुलेंस तथा 1 निशुल्क मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित किए जा रहे हैं तथा नेत्र शिविर के माध्यम से लोगों की आँखों के निःशुल्क ऑपरेशन भी किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### युवती को नहीं मिल रहा था कोई साधन, डायल-112/100 सेवा ने युवती को सुरक्षित उनके घर पहुँचाया



**पन्ना।** जिला पन्ना के थाना सिमरिया के अंतर्गत एक युवती को अपने गांव जाने के लिए साधन नहीं मिल रहा था। पुलिस सहायता के लिए इसकी सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल पन्ना जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक श्याम सिंह एवं पायलेट रामकिशोर ने मौके पर पहुँचकर बताया कि युवती को मड़्वाहा गाँव जाने के लिए कोई साधन नहीं मिल रहा था। डायल-112/100 स्टाफ द्वारा एफ आर व्ही वाहन से युवती को उनके गांव मड़्वाहा पहुँचाया गया। युवती के परिजन द्वारा डायल-112/100 सेवा का आभार व्यक्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवती दमोह से आयी थी, युवती को मड़्वाहा गाँव जाना था।

### कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान भाई ऑनलाईन आवेदन करें

**पन्ना।** उप संचालक पन्ना द्वारा अवकत कराया गया है कि कृषि विभाग में सचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए शासन के नवीन दिशानिर्देशों के अनुसार किसान भाईयो को अब ऑनलाईन पंजीयन कराना होगा। सभी किसान भाई हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ लेने के लिए एम किसान एप पर ऑनलाईन पजीयन कर सकते है। कृषि विभाग में संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं का पंजीयन पार्टल, मोवाईल एप पर मोचाईल से अथवा किसान की सहमति से कॉमन सर्विस सेन्टर से भी किया जा सकेगा। अधिक जानकारी के लिए किसान भाई अपने विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अथवा अपने क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते है।

### निजी विद्यालयों की मान्यता के मापदण्ड को क्या परखा जा सकता है

**पन्ना।** सिमरिया से मोहन्द्रा, पवई, अमानगंज एवं समूचे पूरे पन्ना जिले मे प्राइवेट स्कूलों को मान्यता किस नियमों के तहत दीं जाती है कुछ प्राइवेट स्कूल 3-4 कमरों मे चलते है कुछ 8-10 कमरों मे चलते है उनके पास कोई भी स्कूल के सामने मैदान नहीं है कुछ प्राइवेट स्कूल मैन रोड पर खोले हुए कुछ प्राइवेट स्कूल 10वी एवं 12 वीं तक की मान्यता लिए है लेकिन उनके पास कोई मैदान नहीं है सिर्फ मंजिल के मंजिल है। क्या जिम्मेदार निजी विद्यालयों की मॉनीटरिंग करके मान्यता की मापदण्ड के साथ-साथ सुविधाओं पर करेगें गौर। जो ऐसे विद्यालयों का निरीक्षण नहीं करते है यदि विधालय नियम पर नहीं है तो उनकी मान्यता रद्द करें ये प्राइवेट स्कूल बाले फीस ऐसी लेते है जैसे बच्चा दिल्ली मे पढ़ रहा हो और शिक्षक ऐसे रखते है जो दिन भर मोबाइल मे व्यस्त रहते है बच्चों को पढाई के नाम पर सिर्फ धोखा मिलता है शिक्षा प्रदान करने को लेकर जहां जिले में जिला शिक्षा अधिकारी विभाग प्रमुख के नाते ऐसे विद्यालयों की मॉनीटरिंग कराकर आने वाले समय में सतत मान्यता के मापदण्ड पर गौर हो जहां छात्र-छात्राओं को सुविधा मिले।

### अलग अलग स्थानों में हुई मारपीट की घटनाएं

**कटनी।** बहोरीबंद एवं रंगनाथ नगर थानांतर्गत मारपीट व गाली गलौज की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत गत रात के समय गटर्स नाऊ के घर के पास कावसजी वार्ड में सुनील निवासी जग्गीपान भंडार के पीछे भीमराव चौक के साथ अंकित डुमार व देवा डुमार एक राय होकर विवाद करते हुए गालीगलौज कर हमला कर दिया जिससे उसे चोटें आई हैं। शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। इसी तरह बहोरीबंद थानांतर्गत सुबह के समय बस स्टैंड में प्रकाश चौधरी के साथ अमर भूमिया विवाद कर गालीगलौज कर दिया। जिसका उसने विरोध किया तो अमर ने उसके साथ जमकर मारपीट कर दी।

## खरीफ फसलों के लिए किसानों को डीएपी व यूरिया खाद का संकट

# कैसे किसानों की आय फसलों के माध्यम से बढ़ेगी जब समय पर बोनी के लिए खाद ही किसान के मनमाफिक नहीं




**पन्ना।** जिले में किसानों को खरीफ की फसल की बोनी के लिए जहां डीएपी व यूरिया दोनों खादों की आवश्यकता समय पर होती है। पर ये हालात क्यों कायम किये जाते है जहां समय पर किसानों को डीएपी व यूरिया का आभाव बन जाता है। इसके पीछे क्या रणनीति रहती है यह तो जिम्मेदार ही जाने। जबकि खरीफ की फसल हो या रवि की दोनों फसलों के पहले जिले में किसानों को कितनी खाद् की आवश्यकता उसका अनुमान लगाकर पूर्व से ही उप संचालक कृषि के माध्यम से जिले में खाद के लिए व्यवस्था की जाती है पर यहां हालात अक्सर किसानों के लिए समय पर रवि की फसल हो या खरीफ की खाद का आभाव ही मिलता है कभी भी किसानो को मनमाफिक खाद नहीं मिल पा रही इसके पीछे क्या है राज क्या पड़ताल कराई जायेगी कृषि विभाग, सहकारिता विभाग वहीं डीएमओ की जिम्मेदारी जो खाद व्यवस्था को लेकर प्रमुख मानी जाती है पर मामला यहीं नहीं रूकता खाद की आवश्यकता को लेकर किसानों में जहां मायूसी है क्या जिले के संवेदनशील कलेक्टर किसानों की समस्या पर गौर करेगें। ताकि खरीफ फसल की बोनी को लेकर किसानों के लिए डीएपी व यूरिया जैसी खाद की आवश्यकता की पूर्ति हो सके। कृषि ही विकास का प्रमुख आधार है किसान ही जिले में अगर पीड़ति है अपनी फसल की तैयारी खेतों को जो खाद समय पर बोनी को लेकर जरूरत है वह नहीं मिलती आखिर कैसे खरीफ की फसलें समय पर बोई जायेगीं किसान की सबसे बड़ी चिंता क्योंकि खरीफ फसल में बहुत ही कम समय फसलों की तैयारी खेतों को लेकर बोनी के लिए मानी जाती है। यह समय अगर खाद के आभाव के कारण किसान चूकते है तो खरीफ की फसल आना मुश्किल के हालात होते है। देखना यह है कि किसानों की समस्या के निदान को लेकर जिम्मेदार अधिकारी गौर करेगें। जिस तरह से सदैव ग्रीष्म ऋतु में खरीफ फसल को लेकर लगने वाली खाद की तैयारी सहकारिता की दुकानों तक पहुंचा दी जाती थी खाद वह अब हालात अजीबो गरीब जिला मुख्यालय से लेकर जिले की सेवा सहकारी समितियों तक खाद नहीं पहुंचाई गई। आखिर इसके पीछे क्या है राज क्या किसानों की समस्या के निदान को लेकर जो उम्मीदें कलेक्टर पन्ना से किसानों की बनी हुई है समय रहते खाद की व्यवस्था होती है कि नहीं यह तो वक्त ही तय करेगा। वहीं किसानो को सहकारिता समिति भिलसांय जो आज उदाहरण है जहां न तो समिति प्रबंधक है इन हालातों पर कैसे किसानों को परमिट के आधार पर खाद की व्यवस्था संभव हो सके। एक तरफ खाद ही नहीं दूसरी तरफ समिति प्रबंधक भी नहीं। आखिर यह कैसी दास्ता किसानों को कैसे मिले परमिट और कैसे मिले खाद।

## नेक व्यक्ति योजना के बारे में यातायात थाना प्रभारी ने दी जानकारी



**पन्ना।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिला मुख्यालय यातायात थाना प्रभारी नीलम लक्षकार द्वारा आज पन्ना शहर के नेशनल पब्लिक स्कूल में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को यातायात नियम संबंधी जानकारी देते हुए बतलाया कि गुड सेमेरिटन नेक व्यक्ति योजना भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही है। योजना का उद्देश्य यह है कि मोटरयान दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन वर अर्थात दुर्घटना होने के 1 घंटे के भीतर गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिए अस्पताल ट्रामा केयर सेंटर ले जाने वाले आम जनता को प्रोत्साहन एवं प्रेरणा देना है। जो भी व्यक्ति घायल को 1 घंटे के भीतर अस्पताल मैं तत्परता से पहुंचाकर जान बचाता है उसे प्रोत्साहन राशि के रूप में 5000 की नगद राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। इसके साथ ही10 प्रकरणों को मंत्रालय द्वारा चयनित किया जाता है, जिसमें 100000 रुपये की राशि प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी परिवहन एवं राज्य मार्ग मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा दिया जाएगा। यातायात थाना प्रभारी नीलम लक्षकार ने बताया कि यह पूरा कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक साइ कृष्ण थोटा के मार्गदर्शन में पूरे जिले में चलाया जा रहा है।

## देवेंद्रनगर बिरवाही रोड में रेलवे पुल के पास पानी निकासी न होने से लगभग 3 से 4 फुट भरा पानी




**देवेंद्रनगर-** प्राप्त जानकारी के अनुसार देवेंद्रनगर से बिरवाही जाने वाली रास्ते में रेलवे लाइन का पुल बना हुआ है जिसमें पानी की निकासी न होने के कारण पानी लगभग तीन से चार फीट भरा हुआ है वहीं से कई गांव का रास्ता जाता है जिसमें वहां जाते हैं और तू और कल के पास ही छत्रसाल कॉलेज जहां पर इस समय एग्जाम चल रहे हैं और एग्जाम देने के लिए आसपास क्षेत्र के स्टूडेंट आ रहे हैं जिन्हें उसे पानी से गुजर कर जाना होता है जिससे कई स्टूडेंटों की ड्रेस खराब हो जाती है और कई स्टूडेंटों के वहां और तो और यातायात भी प्रभावित हो रहा है वहां से निकलने वाले आम लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है गौरतला बाजार है कि उसे रास्ते से लगभग चार दर्जन के आसपास ग्राम आते हैं जिसके लिए मात्र एक ही रास्ता है और दूसरी जगह से कोई रास्ता भी नहीं है जिससे कभी भी कोई भी दुर्घटना हो सकती है वहीं रह वीरों ने बताया कि हम लोगों को इसी पानी से निकाल कर जाना पड़ता है जिसमें हम लोगों के कई बार तो वहां भी खराब हो गए चालू ही नहीं होते हैं पानी भर जाने के कारण और राहगीरों ने यह भी बताया कि कई लोग इस पानी में गिरे भी हैं वहीं स्थानीय लोगों वा कॉलेज के छात्रों ने पन्ना कलेक्टर से मांग की है कि रेलवे अधिकारियों कर्मचारियों की उदासीनता के कारण जो पानी भरा है इसे जल्द से जल्द पानी निकासी कराया जाए ताकि मार्ग सुचारू रूप से संचालित रहे।

### इनका कहना है

जी मेरे संज्ञान में भी मामला आया है और मैंने अपने कर्मचारियों से आज ही बोल रखा है वहां पर निकासी व्यवस्था पानी की जल्द से जल्द बन जाएगी हो सकता संभव कल तक पूरे पानी की निकासी व्यवस्था बन जाएगी जिससे कोई आवागमन प्रभावित नहीं होगा

## तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत, घटना के बाद भारी आक्रोश

**पन्ना** अमानगंज सड़क मार्ग पर घटी घटना अमानगंज- निप्र- पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम द्वारी-पिपरवाह के बीच कुर्सी मोड सनी ढाबा के पास तेज रफ्तार में किसी अज्ञात बड़े वाहन ने बीती रात एक मोटर बाइक को भयंकर टक्कर मार दी, जिससे घटना में बाइक पर सवार दो नवयुवकों की मौत हो गई। घटना के विषय में ज्ञात हुआ है कि ग्राम द्वारी हनुमतपुरा निवासी दिनेश पटेल पिता चंद्रभान पटेल और संदीप पटेल पिता शंभू पटेल सुबह लगभग 11:30 बजे अपने घर से बिच्छू झरवाने और दवा करवाने को लेकर अमानगंज आए हुए थे जो शाम तक घर नहीं पहुंचे रात करीब 9:00 बजे उनके परिजनों के पास द्वारी निवासी रशीद खान का फोन पहुंचा जिसने फोन पर बताया कि संदीप पटेल और दिनेश पटेल का एक्सीडेंट शनी ढावा के पास हो गया है जो घायल अवस्था में मौके पर पड़े हुए हैं घटना की सूचना मिलते ही पटेल समाज के कई लोग मौके पर जा पहुंचे और तत्काल ही 100 नंबर पुलिस वाहन को फोन लगाकर घटनास्थल पर बुलाया और घायलों को पुलिस के साथ तकरीबन 11:30 बजे अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज हेतु लेकर आ गए। जहां चिकित्सक जयपाल अहिरवार ने एक





युवक को देखते ही मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे की हल्की-हल्की सांसें चलना बताई गई और इलाज होते-होते उसकी भी मौत हो गई। इस घटना के बाद हनुमतपूरा गांव के पटेल समाज में भारी दुख की लहर दौड़ गई। आज सुबह इन दोनों मृतकों का जब पोस्टमार्टम होने की तैयारी चल रही थी इस समय अचानक समाज के कुछ लोग आकर्षित हो गए और उन्होंने अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग के विरुद्ध जमकर नारेबाजी कर दी। घटना की सूचना जैसे ही अमानगंज थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदोरिया को लगी तो उन्होंने तत्काल मौके पर जाकर गुस्साए परिजनों को शांत किया और दोनों मृतकों को अपनी सुरक्षा में पीएम हाउस पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दोनों ही नवयुवकों का पीएम होने के बाद शव परिजनों को सौंपे गए। इस मामले में स्थानीय पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही उपरांत मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया। पुलिस का कहना है कि इस लाइन से कौन सा वाहन सड़क दुर्घटना करके भागा है हम पता लग रहे हैं और जल्द ही आरोपी पुलिस के पकड़ में होंगे। घटना अत्यंत दुखद होने के कारण पटेल समाज में भारी दुख की लहर है। पुलिस ने दोनों ही मामले में मर्ग कायम करने के उपरांत अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया।

## जंगल में फेंक दी गई पशुओं को लगाई जाने वाली वैक्सीन पशुपालन एवं डेयरी विभाग का बड़ा कारनामा उजागर








**पन्ना।** जिले में पशुपालन एवं डेयरी विभाग का, बड़ा कारनामा उजागर हुआ है। पशुओं को बीमारी से बचाने चलाए जा रहे, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, एनएडीसीपी के तहत, कृषकों एवं पशुपालकों के गौ एवं भैंस वंशीय पशुओं को, निशुल्क लगाई जाने वाली, भारी मात्रा में लाखों कीमती वैक्सीन जंगल में फेंक दी गई हैं। मामला बाराछ रोड का है, जहां भारी मात्रा में मुंह पका खुर पका एवं अन्य बीमारियों से बचाव करने वाली वैक्सीनों का ढेर देखा गया है। जिनमें कुछ एक्सपायरी डेट की, और कुछ अगस्त 2024 में एक्सपायर होने वाली वैक्सीन शामिल हैं। पशुपालन एवं डेयरी विभाग पन्ना के, उपसंचालक डॉ डीपी तिवारी से संपर्क करने पर, उनके द्वारा बाहर होने का हवाला देकर बात करने से इनकार कर दिया, जबकि डॉ तिवारी कार्यालय में ही थे, जो कुछ देर में कलेक्ट्रेट जाने के नाम पर निकल गए। पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार को फोन करने पर, उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया, कई बार फोन करने पर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र के द्वारा एसडीएम संजय नागवंशी से संपर्क करने की बात कही गई, लेकिन एसडीएम संजय नागवंशी अजयगढ़ में थे, इस प्रकार मामले में किसी के भी द्वारा जानकारी लेने या देने में रुचि नहीं दिखाई गई। पन्ना जिले में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के, महत्वपूर्ण कार्यक्रम और योजनाएं, जमीन पर उतरने के बजाय कागजी खानापूर्ति तक सीमित बताई जा रही हैं। लाखों करोड़ों की वैक्सीन और दवाइयां, पशुपालकों को उपलब्ध कराने या पशुओं को लगाने के बजाय, इसी प्रकार कचरे में या जंगलों में फेंक दी जाती हैं। एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा, कृषि और पशुपालन को विशेष महत्व दिया जा रहा है, बजट में भी पशुपालन को तहत्व दिया गया है, ताकि कृषकों और पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाकर, उनके जीवन स्तर में बदलाव लाया जा सके, लेकिन कुछ लापरवाह अधिकारियों की वजह से, अधिकांश योजनाएं पशुपालकों से दूर हैं। इस संबंध में पशुपालकों से बात करने पर पता चला है कि, कुछ खास लोगों के पशुओं को ही वैक्सीन लगाई जाती है, आम साधारण पशुपालक और किसानों के पशुओं को, वैक्सीन नहीं लगाई जाती, जिससे बरसात के दौरान पशु मुंह पका, और खुर पका, जैसी बीमारियों के शिकार होकर बेमौत मर जाते हैं। सरकार द्वारा पशुपालकों के पशुओं का घर पहुंच कर इलाज करने पशुधन संजीवनी योजना चलाई गई है, जिसके तहत पशुपालक के 1962 पर कॉल करने पर, पशुधन संजीवनी वाहन से चिकित्सक के द्वारा मौके पर पहुंचकर, बीमार पशुओं का इलाज किया जाता है, लेकिन यह योजना भी कागजी खानापूर्ति तक सीमित है, और कुछ खास लोगों को ही इसका लाभ मिल पा रहा है। आम साधारण किसान और पशुपालक इस योजना के लाभ से भी वंचित हैं। पन्ना जिले में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपसंचालक, डॉ डीपी तिवारी की उदासीनता से, पशुओं के स्वास्थ्य एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए चलाई जा रही योजनाएं कागजी खानापूर्ती तक सीमित बताई जा रही हैं। दवाइयां एवं वैक्सीन जंगलों में फेंकी जा रही हैं। पशुपालकों के द्वारा, मामले की संभाग या प्रदेश स्तरीय दूसरे विभागों के अधिकारियों की टीम से, जांच करवा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपेक्षा की गई है, ताकि इस प्रकार की मनमानी धांधली और भ्रष्टाचार पर लगाम लग सके।

## पुत्र शोक से दुखी प्रधान आरक्षक की धर्मपत्नी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी



**पन्ना।** यातायात थाना पन्ना में पदस्थ पुलिस प्रधान आरक्षक कमलेश सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती सुषमा सिंह उम्र 42 वर्ष ने आज दिनांक 4 जुलाई को सुबह 10:30 से 11:00 के बीच में फान्सी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक कमलेश सिंह के छोटे पुत्र जिसकी उम्र लगभग 4 वर्ष 10 माह थी, जिसकी अचानक बीमारी के कारण मृत्यु हो गयी थी। जिसके कारण उनकी धर्मपत्नी उसी समय से दुखी रहती थी और अपने पुत्र की मौत को नहीं भूला पा रही थी। 4 जुलाई को सुबह उन्होंने अपने बड़े पुत्र धैर्य प्रताप सिंह को तैयार करके कक्षा चार में केंद्रीय विद्यालय पढ़ने के लिए भेजा और पति कमलेश सिंह अपनी ड्यूटी में चले गए थे। 6 माह की छोटी सी बेटी के साथ वह घर पर अकेली थी तभी सुबह 10:30 बजे पति से दूरभाष पर बात की अचानक बिना बताए 10:30 बजे से 11:00 के बीच में उन्होंने फान्सी साड़ी के फंदे से लगाकर आत्महत्या कर ली। जब उनकी 6 माह की जुड़वा बेटी कमरे के अंदर रो रही थी। तभी पड़ोसियों की उस कमरे में आहट पहुंची और उन्होंने कमरा का दरवाजा खटखटाया मगर जब कमरा नहीं खुला, तब उन्होंने दूरभाष के माध्यम से श्रीमती सुषमा सिंह के पति प्रधान आरक्षक कमलेश सिंह को जानकारी दी। जिन्होंने आकर देखा और गेट को तोड़कर अंदर प्रवेश किया। जिसके बाद वहां का नजारा देखकर उनके पैरों तले से जमीन खिसक गई। बताया जाता है कि मृतिका श्रीमती सुषमा सिंह के दो जुड़वा बेटियों के अलावा एक नौ वर्ष का पुत्र भी है। तीन बच्चों के साथ ही अपने भरे पूरे परिवार को अचानक जाने से परिवार में दुख का माहौल व्याप्त है। घटना पर थाना कोतवाली पुलिस को जैसे ही सूचना मिली तत्काल ही थाना प्रभारी रोहित मिश्रा, यातायात थाना प्रभारी, सूबेदार संजय सिंह जादौन, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और उन्होंने तत्काल महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद देर शाम को मृतिका श्रीमती सुषमा सिंह के मायके पक्ष के लोगों के आने के उपरांत उनकी मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया और सव परिजनों के सुपुर्द किया गया। घटना पर थाना कोतवाली पुलिस ने मार्ग कम कर घटना से संबंधित जांच कार्यवाही शुरू कर दी है।

## कल जगदीश स्वामी मंदिर से शुरू होगी यात्रा


# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने रथ यात्रा की तैयारी व व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**पन्ना।**

कलेक्टर सुरेश कुमार ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा के साथ 07 जुलाई को शुरू होने वाली ऐतिहासिक रथ यात्रा की तैयारी व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जगदीश स्वामी मंदिर पहुंचकर रथ यात्रा के संबंध में की जा रही तैयारियों की रूपरेखा और रथ यात्रा के मद्देनजर अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में मंदिर समिति के सदस्यों तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। मंदिर में प्रसाद व भण्डारे एवं प्रसाद वितरण व्यवस्था तथा रथों की मरम्मत व रंगरोगन इत्यादि के बारे में भी पूछा। अधिकारीद्वय ने रथ यात्रा मार्ग का अवलोकन भी किया और यात्रा के दौरान सुचारू यातायात व्यवस्थाओं सहित श्रद्धालुओं की सुविधाओं तथा आवागमन के दृष्टिगत बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही महोत्सव के दौरान साफ-सफाई, पेयजल व विद्युत



व्यवस्था, जनकपुर मेला परिसर में एम्बुलेंस एवं मेडिकल टीम की तैनाती व आवश्यक दवाईयों सहित डिस्पेंसरी स्थापना, होटल व ढाबों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच, पुलिस बल की तैनाती, पार्किंग व्यवस्था, आवश्यक रोड समतलीकरण इत्यादि के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने रथ विश्राम स्थल लखूरन बाग एवं चौपड़ा व जनकपुर पहुंचकर प्रकाश, लाइट, पेयजल, सीसीटीवी कैमरा व नियमित साफ-सफाई व्यवस्थाओं के संबंध में भी जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह सहित तहसीलदार अखिलेश प्रजापति, लोक निर्माण विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी तथा मंदिर समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि रविवार को रथ यात्रा पन्ना नगर से प्रारंभ होकर 09 जुलाई को जनकपुर पहुंचेगी। इस दौरान लखूरन बाग में रात्रि विश्राम होगा। 08 जुलाई को यात्रा लखूरन बाग से चौपरा तक जाएगी और रात्रि विश्राम पश्चात रथ यात्रा चौपरा से जनकपुर मंदिर तक पहुंचेगी। यहां टीका पूजन, आरती, स्वागत व धार्मिक कार्यक्रम उपरांत 10 जुलाई को जनकपुर मंदिर में यात्रा प्रवेश करेगी। 11 जुलाई को जनकपुर मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम और 12 जुलाई को कथा, पूजन, हवन एवं भण्डारा का कार्यक्रम होगा। 13 जुलाई को जगदीश स्वामी



मंदिर से जनकपुर तक लक्ष्मी जी की सवारी निकाली जाएगी और जनकपुर से सवारी वापस पन्ना आएगी। इसी तरह 14 जुलाई को जनकपुर से चौपरा तक रथ यात्रा की वापसी होगी और 15 जुलाई को चौपरा से लखूरन बाग तक रथ यात्रा का आगमन होगा। यहां रात्रि विश्राम पश्चात 16 जुलाई को लखूरन बाग से जगदीश स्वामी मंदिर तक रथ यात्रा वापस आएगी। मंदिर के बाहर लक्ष्मी जू का संवाद होगा और रात्रि विश्राम के बाद 17 जुलाई को सुबह 8 बजे जगदीश स्वामी मंदिर में प्रवेश और सात मूर्ति दर्शन के बाद कार्यक्रम संपन्न होगा।

## कलेक्टर ने हेल्थ कैंप, प्रदर्शनी का भी किया निरीक्षण

# बकस्वाहा में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में विशेष सुधार के प्रयास होंगे तेज : कलेक्टर

**बक्सवाहा।** आकांक्षी ब्लॉक बक्सवाहा में नीति आयोग के संपूर्णता अभियान 30 सितंबर तक चलाया जाएगा। कलेक्टर संदीप जी.आर. के मुख्यआतिथ्य में गुरुवार को बक्सवाहा के आजीविका भवन में उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया। साथ ही हेल्थ कैंप, स्व सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर नगरपरिषद अध्यक्ष किरण सोनी, जनपद अध्यक्ष रजनी यादव, एसीईओ चन्द्रसेन सिंह, महिला बाल अधिकारी, ईई पीडब्ल्यूडी, डीपीसी सहित एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, पटवारी, सीएचओ, आंगनवाड़ी सहायिका तथा कृषि मित्रों की भी सहभागिता रही। कलेक्टर श्री जी.आर. ने स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास के मैदानी अमले को संबोधित करते हुए निर्देश दिए कि बकस्वाहा ब्लॉक को आकांक्षी ब्लॉक में शामिल किया गया है। जिसमें संपूर्णता अभियान अंतर्गत 6 इंडीकेटर्स को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा एकजुट होकर टीम के रूप में सभी कार्य करें। जिससे ब्लॉक में स्वास्थ्य और शिक्षा में विशेष सुधार किया जा सके। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित करें कि एक भी गर्भवती महिला की प्रसव के समय मृत्यु न हो। महिला और बच्चा दोनों सुरक्षित रहें। उन्होंने निर्देश दिए कि शादी होते ही महिलाओं को उनके स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधित सभी जानकारियां दी जाएं। इसके लिए आईईसी एक्टिविटी प्रभावी रूप से करें। गर्भवती महिलाओं की प्रथम तिमाही में एएनसी की जांच शतप्रतिशत होना सुनिश्चित हो। गर्भवती महिलाओं को जागरूक किया जाए कि एएनसी जांच नहीं कराने पर उन्हें शासन की सभी योजनाओं के लाभ नहीं मिलेंगे। एएनसी की जांच कराने पर ही उन्हें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित अन्य स्कीमों का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा खानपान का बेहतर ध्यान रखना जरूरी है। एनआरसी में भी भर्ती संख्या शतप्रतिशत रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि बच्चों के भोजन की थाली रंगीन हो। रोटी, दाल एवं सब्जी में मुनगा के पत्ते एवं पालक अनिवार्य रूप से डालें। ताकि बच्चों को भरपूर पोषण मिल सके। उन्होंने कहा आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन स्कूलों की तरह व्यवस्थित रूप से हो। जिससे बच्चों का केन्द्रों पर आने रूझान बढ़ सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को एक-एक आंगनबाड़ी को गोद लेने के निर्देश दिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी आंगनबाडिय़ों को गोद लेने की अपील की। उन्होंने कहा एकजुट होकर अच्छा काम करें। कलेक्टर ने उपस्थित स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास की महिला वर्कर से संवाद किया एवं उनकी समस्याओं एवं सुझाव को सुना।




### बकस्वाहा में अल्ट्रासाउण्ड स्कैनिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश -

कलेक्टर ने बकस्वाहा में अल्ट्रासाउण्ड स्कैनिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी को बकस्वाहा में एकजुट होकर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य सभी पैरामीटर पर अच्छा काम करने का संकल्प भी दिलाया। उन्होंने कहा सभी अधिकारी कर्मचारी सकारात्मक दृष्टि से कार्य करें। पहली तिमाही के भीतर प्रसवपूर्व देखभाल (एएनसी) के लिए पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत। ब्लॉक में लक्षित जनसंख्या की तुलना में मधुमेह (डायबिटीज) के लिए जांच किए गए व्यक्तियों का प्रतिशत। ब्लॉक में लक्षित जनसंख्या की तुलना में उच्च रक्तचाप के लिए जांच किए गए व्यक्तियों का प्रतिशत। आईसीडीएस कार्यक्रम अंतर्गत नियमित रूप से पूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत। मृदा नमूना संग्रहण लक्ष्य के विरुद्ध सृजित मृदा स्वास्थ्य कार्डों का प्रतिशत। ब्लॉक में कुल एसएचजी के मुकाबले रिवाल्विंग फंड प्राप्त करने वाले एसएचजी का प्रतिशत।

### कलेक्टर ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड का किया वितरण

संपूर्णता अभियान में स्वसहायता समूहों द्वारा निर्मित सामग्री एवं सफलता की कहानी, मृदा नमूना संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, महिला बाल विकास पर केंद्रित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने स्वसहायता समूहों द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों की मार्केटिंग कराने के दिए निर्देश। इस दौरान अजीविका भवन के परिषर में बरगद के पौधे का रोपण किया। 5 एवं 6 जुलाई को ग्राम पंचायतों में ग्राम वासियों सहित स्कूली छात्र-छात्राओं की प्रभात फेरी संबंधित विभाग नुक्कड़ नाटक एवं संपूर्णता सभा का आयोजन किया जाएगा। ताकि 06 इंडीकेटर्स के संबंध में ग्रामीणों को जागरुक किया जा सके।

**खबर संक्षेप**

### युवक ने की आत्महत्या, ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित करने का वीडियो में लगाया आरोप

**छतरपुर।** शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत हनुमान टौरिया के पीछे रहने वाले एक युवक ने अपनी जान दे दी। मरने से पहले युवक ने दो वीडियो बनाए हैं जिसमें उसने ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किए जाने का उल्लेख किया है। मृत्यु से पहले युवक ने वीडियो के माध्यम से कहना चाहा है कि पत्नी, सास, ससुर, साले द्वारा उसे प्रताड़ित किया गया है इसलिए वह मजबूर होकर अपनी जान दे रहा है। जानकारी के मुताबिक नरेन्द्र पुत्र अशोक कुमार सैनी 28 वर्ष ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया और कोतवाली में मर्ग कायम कर लिया है। उधर मृतक नरेन्द्र ने मौत को गले लगाने के पहले दो वीडियो बनाए थे जिसमें वह खुद को ससुराल पक्ष से प्रताड़ित महसूस होने की बात कह रहा है। नरेन्द्र सैनी ने वीडियो में कहा है कि उसकी पत्नि लक्ष्मी सैनी द्वारा दहेज प्रताडऩा का आरोप लगाया था, सास, ससुर व साले द्वारा भी लगातार प्रताड़ित किया गया। कोतवाली से दो पुलिस वाले भी उसे परेशान करते रहे। इन सभी लोगों से परेशान होकर आत्महत्या की है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि घटना के संबंध में मर्ग कायम किया गया है। जांच के बाद जो भी तथ्य आएंगे उसके आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

### बारिश से शहडोल के कई घरों में घुसा पानी



**शहडोल।** बुधवार और गुरूवार को लगातार शहडोल मुख्यालय में हुई कुछ घंटो की बारिश ने पूरे शहर को तर-बतर कर दिया, नगर के वार्ड नंबर 07 आर्शीवाद कालोनी, पाण्डव नगर में बारिश के कारण कई घरों में पानी घुस गया, वहीं वार्ड के आंतरिक मार्ग पूरी तरह से जल मग्न हो गये। हालाकि बीते वर्षो में भी बारिश के समय इस तरह की स्थिति बनती रही है, बावजूद इसके मुख्यालय की नगर पालिका ने इस दिशा में सुधार हेतु कोई कदम नहीं उठाये। बारिश के बाद कुछ घंटो तक पानी भरा रहा और आमजन बाल्टियों व अन्य संसाधनों से घर का पानी बाहर निकालते हुए नजर आये। बीते कई वर्षो से शहर के प्रमुख गांधी चौक के साथ ही बुढ़ार रोड, के-स्क्वॉयर के समीप, पॉलीटेक्निक मार्ग के मॉडल रोड में भी एक फिट से अधिक पानी भरा रहा, जिस कारण आमजनों को खासी परेशानी हुई, इसी तरह सब्जी मण्डी क्षेत्र में नालियों तथा कचरे के ढेरों की समय पर सफाई न होने के कारण भारी बारिश से पूरा क्षेत्र सडांध मारता रहा।

## कलेक्टर के निर्देश पर RTO की चालानी कार्यवाही लगातार जारी

### स्कूल वाहनों की हुई सघन चेकिंग

**छतरपुर।** परिवहन विभाग के द्वारा विद्यालय वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। RTO की टीम के द्वारा शहर विभिन्न मार्गों पर स्कूल 30 से अधिक वाहनों की दस्तावेजी और भौतिक जांच की गई। जो गाड़ियां भौतिक रूप से अनफिट पाइ गई, उनको परिवहन कार्यालय ला कर ठीक करवाया गया, फिर छोड़ा गया। दस्तावेजी कमी पाए जाने पर 5 वाहनों का 27000 रुपये का चालान किया गया। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विक्रम जीत सिंह कंग ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए जिला कलेक्टर की मंशा के अनुरूप यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। समस्त विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया है कि समस्त वाहन भौतिक और दस्तावेजी रूप से पूर्ण होने पर ही वाहन का संचालन करें, अन्यथा की स्थिति में चालानी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने छात्रों और अभिभावकों से भी अपील की है कि वाहन संबंधित कोई भी शिकायत होने पर RTO कार्यालय संबंधित पुलिस थाने को और विद्यालय प्रबंधन को भी अवगत कराएं। इस कार्यवाही में परिवहन विभाग से मनीष खरे और नगर सेना से यासीन खान, वीरेंद्र सिंह चंदेल और कैलाश राय शामिल रहे।

## बैंक से पैसे निकाल कर घर जा रहे 22 वर्षीय युवक की सड़क हादसे में मौत, पैसे गायब



**छतरपुर।** ओरछा थाना अंतर्गत महोबा रोड झंझनदेवी के पास तेज रफ्तार ट्रैक में एक बाइक सवार युवक को कुचल दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई घटना की जानकारी रागिनी हंड्रेड डायल को दी हंड्रेड डायल मौके पर पहुंची और हंड्रेड डालर 100 वहां बुलाकर बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया जहां उसका पोस्टमार्टम किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सुनील पिता रमेश पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी आमखेरा का का रहने वाला है। एक साल से नोएडा डॉक्टर की पढ़ाई कर रहा था उसके बैक खाता बंद ही जाने पर 4 दिन पहले गांव आया था, जिसके बाद गुरुवार को छतरपुर एचडीएफसी बैक से पैसे निकालने आया था जिसके बाद बैक से खाता बंद करवाया और 2 लाख 50 हजार निकले और विश्वनाथ कॉलोनी में अपने मकान पर रात में रुका था। शुक्रवार की सुबह 7,30 बजे 2 लाख पचास हजार रुपये लेकर बाइक से घर जा रहा था तभी महोबा रोड पैर झनझन देवी के पास तेज रफ्तार ट्रक एनअल 01 एजी 4508 ने सामने से टक्कर मरते हुए उसे कुचल दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई राहगीर ने हंड्रेड डायल को सूचना दी हंड्रेड पुलिस ने शव वाहन बुलाकर बॉडी को 9 बजे जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। शुक्रवार की सुबह 11,30 बजे थाना पुलिस ने मृतक का पंचनामा तैयार करते हुए बॉडी का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। वहीं थाना पुलिस ने ट्रक को जप्त करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक के पिता रमेश पटेल ने बताया कि मेरा बेटा नोएडा में डॉक्टर की पढ़ाई कर रहा था जिसके लिए मैंने उसके खाते में पैसे डाली थी लेकिन उसका खाता बंद हो जाने के कारण वह घर आया था कल उसने खाते से 2 लाख 50 हजार रुपये निकाले और रात में छतरपुर की मकान में रुक गया था सुबह पैसे लेकर घर आ रहा था तभी उसको ट्रैक ने कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई,

## नपा के संविदा कर्मचारी अमन खरे की सेवा समाप्त, कोतवाली में धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**फर्जी हस्ताक्षर कर दुकानें देने के बदले रकम ऐठने का था मामला,**





**छतरपुर।** नगर पालिका में पदस्थ संविदा कर्मचारी ने 4 लोगों से दुकान देने के बदले मोटी रकम वसूली और फर्जी रसीदें दे दीं। इस पूरे प्रकरण का भण्डाफोड़ तब हुआ जब पैसे चुकाने वाले दुकान लेने नगर पालिका पहुंच गए। नपा की राजस्व शाखा से ज्ञात हुआ कि दुकानें पहले से ही किसी को आवंटित हैं। इसलिए नए सिरे से आवंटन नहीं होना। मामला सामने आते ही नगर पालिका ने कर्मचारी की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। वहीं दूसरी ओर कर्मचारी के खिलाफ कोतवाली में धोखाधड़ी का मामला दर्ज हो गया है। कोतवाली टीआई अरविंद कुजूर ने बताया कि नपा के संविदा कर्मचारी रहे अमन खरे के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468 के तहत मुकदमा कायम किया गया है। पैसे देकर दुकान लेने वाले मनोज कुमार जैन ने कोतवाली में इस संबंध में शिकायत की थी। कर्मचारी अमन जैन द्वारा दी गई रसीदों को कोतवाली में सबूत के तौर पर प्रस्तुत किया गया जिस पर मुकदमा हुआ है। इस धोखाधड़ी के मामले में अन्य आरोपियों के खिलाफ भी कार्यवाही की गुंजाइश बनी है। वहीं कर्मचारी के खिलाफ और भी एफआईआर हो सकती हैं।

**इनका कहना है -**

शिकायत आने के बाद अमन खरे की सेवाएं समाप्त कर, कोतवाली में भी 420 का मामला दर्ज करवाया गया है। साथ ही मामले की जांच भी कराई जा रही है, जो भी लोग दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

**माधुरी शर्मा**
**सीएमओ, नपा छतरपुर**

## पुलिस ने 10 हजार रुपए इनामी फरार आरोपी को किया गिरफ्तार



**छतरपुर।** थाना ओरछा रोड पुलिस ने दो माह से फरार इनामी आदतन अपराधी जिस पर जिले के थाना ओरछा रोड एवं थाना नौगाव में अवैध शराब के प्रकरणों में अपराध पंजीबद्ध है। पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा अवैध शराब से संबंधित फरार आरोपी हल्के राजा उर्फ आकाश चंदेल निवासी ग्राम हमा थाना ओरछा रोड की गिरफ्तारी हेतु थाना नौगांव के प्रकरण में 8 हजार रूपए का एवं थाना ओरछा रोड के प्रकरण में दो हजार रूपए सहित 10 हजार रूपए का इनाम उद्घोषित किया गया था। थाना ओरछा रोड प्रभारी उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह यादव एवं पुलिस टीम द्वारा फरार इनामी आरोपी आकाश चंदेल पिता महेंद्र सिंह चंदेल उम्र 25 निवासी ग्राम हमा थाना ओरछा रोड ट्रांसपोर्टनगर नोगांव छतरपुर रोड से गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया। अवैध शराब से संबंधित आरोपी हल्के राजा उर्फ़ आकाश सिंह के विरुद्ध थाना ओरछा रोड में मारपीट अवैध शराब एवं एससी एसटी के 3 अपराध एवं थाना नौगांव में भी अवैध शराब के अपराध दर्ज है। फरार इनामी आरोपी को न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया जा रहा है। संपूर्ण कार्रवाई में सराहनीय भूमिका निभाने वाले थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह यादव, सउनि गोकुल सिंह मरावी, सउनि शिशुपाल सिंह घोष, प्र.आर. तरुण विश्वकर्मा, प्र.आर. राजेश बागरी, आर. गुलाब खान, आर. रज्जन लोधी, आर. गिरधारी अहिरवार आदि की अहम भूमिका रही।

## नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के लिए आवेदकों को नहीं हो परेशानी: कलेक्टर



**बड़ामलहरा।** कलेक्टर संदीप जी.आर. ने तहसील कार्यालय एवं नवीन एसडीएम कोर्ट का औचक निरीक्षण किया। साथ ही कार्यालय के राजस्व रिकॉर्ड सहित अन्य कक्ष का निरीक्षण किया और अनावश्यक सामग्री के विनिष्टिकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा राजस्व रिकॉर्ड का संधारण व्यवस्थित रूप से करें। उन्होंने कहा कार्यालय में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर श्री जी.आर. रेवेन्यू केस के समय से निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा आवेदकों को राजस्व कार्यों के लिए परेशान न होना पड़े। उन्होंने एसडीएम और तहसीलदार को निर्देश दिए की नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और नक्शा सुधार कार्य के निराकरण समय से किया जाए। कलेक्टर ने आदेशों के तत्काल अमल कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जो पटवारी आदेशों का समयानुसार अमल नहीं करे उनके खिलाफ सख्त रूप से निलंबन की कार्यवाही करें।

**शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर 7 दुकानों का निर्माण करने वाले सचिव को किया निलंबित**

## महाराजपुर विधायक ने विधानसभा में लगाया था प्रश्न, तो जवाब में कलेक्टर ने की कार्रवाई

### दुकान तोड़ने के भी कलेक्टर ने दिए आदेश

**नौगांव ।** छतरपुर कलेक्टर संदीप जी आर ने नौगांव जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिलहरी के सचिव रविशंकर द्विवेदी के द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर दुकानों का निर्माण करने का दोषी पाए जाने पर निलंबित करते हुए निर्मित 7 दुकानों को तोड़ने का आदेश जारी किया है, सूत्रों से पता चला है कि इस मामले को लेकर महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने विधानसभा में प्रश्न लगाया है, जिसके जवाब से पहले प्रशासन के द्वारा कार्रवाई की गई है।

जानकारी के मुताबिक बिलहरी गांव में पदस्थ रविशंकर द्विवेदी को कलेक्टर संदीप जी आर ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नौगांव के पत्र क्रमांक 1967/ज०प० 2024 दिनांक 02 जुलाई 2024 द्वारा तहसीलदार तहसील नौगांव के प्रकरण कमांक 01/31-68/2021-22 के अनुसार ग्राम पंचायत बिलहरी स्थित 07 दुकानों को नियम विरूद्ध बिना किसी अनुमति के अवैध निर्माण की जांच के दौरान उक्त 07 दुकानों का अवैध रूप से निर्माण कार्य होना पाया गया है। नियम विरूद्ध बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के निर्माण कार्य को पंचायतराज अधिनियम 1993 की धारा 55, 56 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 24 फरवरी 2022 को हटाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। परन्तु सचिव के द्वारा उक्त निर्माण कार्य को रोका नहीं गया एवं न्यायालय तहसीलदार नौगांव के पारित आदेश दिनांक 24 फरवरी 2022 का पालन न कर शासकीय भूमि का दुरूपयोग व्यक्तिविशेष के व्यवसायिक लाभ हेतु किया गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि सचिव द्वारा पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं स्वेच्छारिता बरती गई है। उक्त कारण के चलते रविशंकर द्विवेदी सचिव ग्राम पंचायत बिलहरी जनपद पंचायत नौगांव को म.प्र. पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में रविशंकर द्विवेदी का मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत छतरपुर भेजा है। ज्ञात हो कि रविशंकर द्विवेदी भाजपा नेता हरिश्चंद्र द्विवदी के पुत्र हैं। विधानसभा चुनाव 2023 एवं 2018 में भाजपा प्रत्याशी का विरोध करने वाले भाजपा के विशेष गुट के नेताओं में हरिश्चंद्र द्विवेदी भी शामिल रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक इस मामले को लेकर महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने प्रश्न लगाया था, जिसको लेकर प्रशासन ने कार्रवाई की है।

### विधानसभा चुनाव में भाजपा के विशेष गुट ने किया था विरोध -

बीते वर्ष हुए विधानसभा चुनाव के दौरान महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के एक विशेष गुट ने भाजपा प्रत्याशी रहे कामख्या प्रताप सिंह के भाजपा से प्रत्याशी घोषित होने से लेकर मतदान तक भाजपा प्रत्याशी का विरोध किया था, हालांकि इसके बावजूद भी कामाख्या प्रताप सिंह 27 हजार के लगभग मतों से चुनाव जीतने में सफल रहे थे, तो वहीं 2018 के विधानसभा चुनाव के दौरान भी भाजपा के इसी विशेष गुट ने वर्तमान विधायक कामाख्या प्रताप सिंह के पिता एवं तब के भाजपा प्रत्याशी मानवेंद्र सिंह का विरोध करते हुए कांग्रेस के प्रत्याशी नीरज दीक्षित के पक्ष में कार्य किया था, तब मानवेंद्र सिंह की चुनाव में हार हुई थी?

## खबर संक्षेप

### सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में अव्यवस्था के चलते सीवीटीएस विभाग के सहायक प्राध्यापक ने दिया इस्तीफा



**रीवा** । जिले के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में अंदरूनी कलह और अव्यवस्था हावी होती जा रही है। डिप्टी सीएम लगातार सामंजस्य बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन फिर भी स्थितियां बिगड़ती ही जा रही है। काफी दिनों से सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की स्थितियां सामान्य थी। सब कुछ ठीक चल रहा था कि अचानक एक और डॉक्टर ने डीन को पद से त्याग पत्र दे दिया। इस मर्तबा सीवीटीएस विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ राकेश कुमार सोनी ने डीन श्याम शाह मेडिकल कॉलेज को अपना त्यागपत्र सौंप दिया है। त्याग पत्र में उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि वह 10 अगस्त 2024 के बाद अपनी सेवाएं आगे जारी नहीं रख पाएंगे। डॉ राकेश सोनी लंबे समय से अस्पताल में ओपन हार्ट सर्जरी को रेग्युलर जारी रखने के प्रयास में जुटे थे। डिप्टी सीएम से भी वह मिलकर अपनी बात रखे थे। ओपन हार्ट सर्जरी के लिए सारे इंतजाम भी किए गए। सप्ताह में दो दिन ओपन हार्ट सर्जरी को अनिवार्य कर दिया गया था। सारी व्यवस्थाएं पटरी पर आने के बाद अचानक ही सीवीटीएस के डॉ राकेश कुमार सोनी के इस कदम से दिल के मरीजों को झटका लगेगा। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल से नौकरी छोडने वाले डॉक्टरों की लिस्ट बढ़ती ही जा रही है। अब तक यहां से डॉ सुमित प्रताप, डॉ लल्लन प्रताप, डॉ अंकित सिंह, अब डॉ हिमांशु गुप्ता, डॉ प्रदीप कुर्मी, डॉ कार्तिकेय शुक्ला नौकरी छोड़ चुके हैं। अब डॉ राकेश सोनी ने भी यहां से तौबा कर ली है। अब गिनती के ही चिकित्सक यहां बचे हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार सीवीटीएस विभाग में ओपन हार्ट सर्जरी को लेकर लंबे समय से डॉ राकेश सोनी लड़ाई लड़ रहे थे। उन्हीं के प्रयास से सुपर स्पेशलिटी में नई मशीनें आईं और ओपन हार्ट सर्जरी रेग्युलर शुरू हुई। इसके कारण उन्हें विभाग के अधिकारियों और सिस्टम का भी विरोध झेलना पड़ा। उनके विरोध के कारण ही बीच में सीएमई को भी रीवा आना पड़ा था।

# शराब कारोबारी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**रीवा। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी रीवा अदिती अग्रवाल की न्यायलय ने रीवा के शराब कारोबारी माँ लक्ष्मी इंटरप्राइजेज के मालिक निपेंद्र सिंह परिहार उर्फ़ राजू के विरुद्ध परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 के अन्तर्गत गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।**

गौरतलब है की शराब कारोबारी निपेंद्र सिंह परिहार उर्फ़ राजू प्रो.माँ लक्ष्मी इंटरप्राइजेज ने कारोबार शुरू करने के पूर्व कई लोगो से पैसा लिया था जो की कारोबार समाप्त होने के बाद भी नहीं लौटाया, कई लोगो को इनके द्वारा बतौर सुरक्षा राशि चेक दिया गया था जो की बैंक में डालने पर अनादरित हो गया ऐसे में अभ्युदय कैपिटल के प्रो. नितिन प्रताप सिंह के द्वारा मा. न्यायलय में परक्राम्य लिखित अधिनियम 1881 के अन्तर्गत परिवाद दायर किया गया था प्रकरण क्रमांक एस.सी.एन.आई .ए 853/23 के अन्तर्गत न्यायलय ने शराब कारोबारी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। रीवा के शराब कारोबारी निपेंद्र सिंह परिहार उर्फ राजू ने ऐसे ही कई लोगों से कारोबार में शामिल करने हेतु पैसा लिया फिर उनका पैसा वापस नहीं किया है। ऐसे में कई लोग इस कारोबारी के झांसे में आकर अपना पैसा डुबो चुके है, अब देखना ये है की माननीय न्यायालय के आदेश पर जारी गिरफ्तारी वारंट पर लौर थाना पुलिस क्या करती है पुलिस शराब कारोबारी को गिरिफ्तार करती है या उनसे याराना निभाती है। ये दिलचस्प सवाल है। शराब कारोबारी खुलेआम घूम रहा है उस पर पुलिस एवं न्यायलय का कोई डर नहीं है।

# जिले में चेन स्नेचिंग की दो वारदातें, वाक पर निकली महिलाओं को बनाया निशाना

### शहर के समान व विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में हुई वारदात



**रीवा** । जिले में बेखौफ बदमाशों ने शुक्रवार चेन स्नेचिंग की दो अलग अलग वारदातों को अंजाम दिया, बदमाशों ने शहर के दो अलग अलग थाना क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक पर निकली दो महिलाओं को अपना निशाना बनाया है। पीडित महिलाओं की माने तो बदमाशों की संख्या दो थी और वे बाइक पर सवार थे जिनके चेहरों पर नकाब था महिलायें रोजाना की तरह शुक्रवार की सुबह जब टहलने के लिये निकली तभी बदमाशों ने झपटटा मारकर उनके गले से सोने की चेन पार कर दिया। दोनों वारदातें शहर के समान और विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी मुताविक पहली घटना समान थाना क्षेत्र मे हुई है जहां शिवाजी नगर में रहने वाली स्टाफ नर्स सामंता सिंह रोजाना की तरह सुबह घर से मार्निग वाक पर निकली थी तभी बाइक सवार दो नकापपोश बदमाशों ने पीछे से झपट्टा मारकर गले से सोने की चेन तोड ले गए वही दूसरी घटना विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र स्थित जनता कॉलेज के समीप हुई जहां मॉर्निंग वॉक पर निकली सीमा सिंह को बदमाशों ने अपना दूसरा शिकार बनाया। शहर के भीतर बदमाशों ने एक के बाद एक दो सिलसिलेवार चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देकर पुलिस महकमें में हडकंप मचाकर रख दिया है,मामले में पीडित महिलाओं ने थाने पहुंचकर अपने साथ हुई वारदात की शिकायत दर्ज कराई है जिस पर पुलिस नें बदमाशों की पता तलाशी की शुरु कर दी है।

# शासकीय स्कूल के हेड मास्टर का शराब के नशे में धुत होकर कक्षा में सोने का वीडियो वायरल

### कलेक्टर ने कही कार्यवाही बात

**रीवा**। जिले के शासकीय स्कूल के एक शिक्षक की करतूत नें पूरे शिक्षा शिक्षा जगत को शर्मसार कर दिया है। स्कूल के जिन शिक्षक के कंधों पर छात्रों के भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी होती है वहीं शिक्षक नसे के अंधकार में ढूबा हुआ है। जिले के एक शासकीय स्कूल के हेडमास्टर का नसे में धुत होकर क्लासरूम के अन्दर सोने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है।दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो शहरी क्षेत्र में ही संचालित प्राथमिक स्कूल बोदाबाग का है। वीडियो में एक शिक्षक शराब के नसे में धुत दिखाई दे रहे है,बताया जा रहा है कि नसे में धुत शिक्षक नें पहले छात्रों को क्लास से भगा दिया और फिर बच्चों के बैठने वाली टाटपटटी पर लेटकर सो गया। सोशल मीडिया में



वायरल वीडियो के आधार पर शिक्षक का नाम रमाकांत वर्मा बताया जा रहा है। वही शिक्षक की इन हरकतों से ना सिर्फ स्कूल के छात्र परेशान है बल्कि स्कूल की महिला शिक्षक भी परेशान है। शिक्षा के मंदिर में शिक्षक की इस करतूस से सवाल यह उठता है कि जब शिक्षक ही नसे ही चूर होकर स्कूल पहुंचते है, तो यहां पढने वाले बच्चों का भविस्य क्या होगा



फिलहाल शिक्षक की करतूत का यह वीडियो अधिकारियों सहित जिला कलेक्टर के संज्ञान में आया है जिस पर कलेक्टर नें कार्यवाही की बात कही है।

### इनका कहना है

यह वीडियो जो वायरल हो रहा है वह संज्ञान में आया है उसके हिसाब से कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। यह गतिविधि गलत है उसके हिसाब से आगे भी इस तरह की दोबारा गतिविधि घटित ना हो उसके लिए भी निर्देश दिए गए हैं।

**प्रतिभा पाल, कलेक्टर रीवा।**

# आकांक्षी विकासखण्ड के 6 मानकों में तीन माह में संपूर्णता सुनिशिचत करें - कलेक्टर

### आकांक्षी विकासखण्डों में विशेष अभियान का शुभारंभ आज

**रीवा**। देश भर में पाँच सौ विकासखण्डों को आकांक्षी विकासखण्ड योजना में शामिल किया गया है। इसमें रीवा जिले के सिरमौर और जवा विकासखण्ड शामिल हैं। इन विकासखण्डों में 30 सितम्बर तक संपूर्णता अभियान चलाकर निर्धारित 6 सूचकांकों में लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति की जाएगी। इसके लिए 6 जुलाई को सिरमौर विकासखण्ड में माड़ौ तथा जवा विकासखण्ड मुख्यालय में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में आकांक्षी विकासखण्डों में चलाए जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी पूरी तैयारी के साथ शिविरों में जाएं। आकांक्षी विकासखण्डों के लिए निर्धारित 6 मानकों में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास विभाग के बिन्दु शामिल हैं। सभी बिन्दुओं पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करके 30 सितम्बर तक संपूर्णता सुनिश्चित करें। शिविर में विकासखण्ड स्तरीय सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर ने कहा कि आकांक्षी विकासखण्डों में शिशुओं तथा गर्भवती महिलाओं की देखभाल, पूरक पोषण आहार के वितरण तथा संपूर्ण टीकाकरण का लक्ष्य शत-प्रतिशत प्राप्त करें। शिविर में महिलाओं एवं शिशुओं के स्वास्थ्य जाँच की उचित व्यवस्था करें। अभियान के दौरान संपूर्ण टीकाकरण का लक्ष्य पूरा करें। बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को सही समय पर टीके लगाना सुनिश्चित करें। इसका विवरण ऑनलाइन अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। महिला स्वसहायता समूहों को सशक्त बनाने के लिए उन्हें



चिन्हित गतिविधियों में ऋण और अनुदान देने के साथ बैकवर्ड तथा फारवर्ड लिंकेज का लाभ दें। सभी स्वसहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड जारी कराएं। जिला प्रबंधक आजीविका मिशन, महिला स्वसहायता समूहों की प्रगति की मॉनीटरिंग कर हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करें। लगातार प्रयास करने पर ही स्वसहायता समूहों का सशक्तीकरण होगा। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन कराकर पूरक पोषण आहार का वितरण कराएं। शिशुओं के टीकाकरण तथा पोषण आहार वितरण की भी समुचित व्यवस्था करें। इसमें लापरवाही बरतने वालें के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। महिलाओं और बच्चों की उचित देखभाल होने तथा समय पर योजनाओं का लाभ मिलने पर ही मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगी। जिला शिक्षा अधिकारी आकांक्षी विकासखण्डों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए शाला जाने योग्य बच्चों का शत-प्रतिशत प्रवेश तथा स्कूलों में पेयजल, बिजली, शौचालय आदि मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उप संचालक कृषि खेती में सुधार के लिए किसानों को उन्नत बीज वितरित कराएं। आकांक्षी विकासखण्ड के सभी किसानों के खेतों की मिट्टी का परीक्षण कराकर उन्हें स्वाइल हेल्थ कार्ड प्रदान करें। प्रत्येक किसान को अभियान चलाकर स्वाइल हेल्थ कार्ड प्रदान करें। पूरे विन्ध्य क्षेत्र में मिट्टी में जिंक और फास्फोरस की कमी है। किसानों को प्रति हेक्टयेर 25 किलोग्राम जिंक और फास्फेट के उपयोग के लिए प्रेरित करें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि 6 जुलाई को माड़ौ में पंचायत भवन तथा जवा जनपद कार्यालय में शिविर लगाए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मेडिकल टीम तैनात करें। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के सहयोग से शिविरों के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। आकांक्षी विकासखण्डों के निर्धारित सूचकांकों की जानकारी हर माह अपडेट करें। आकांक्षी विकासखण्डों की गतिविधियों की नीति आयोग द्वारा नियमित मॉनीटरिंग की जा रही है। बैठक में एसडीएम सिरमौर आरके सिन्हा, एसडीएम जवा पीयूष भट्ट, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, जिला प्रबंधक आजाविका परियोजना तथा सभी खण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### टीआरएस कालेज और एमएस गोलवरकर कालेज में परिवहन विभाग ने लगाया लर्निंग लाइसेंस शिविर

**रीवा** । परिवहन विभाग द्वारा शासन की मंशानुशार लगातार लर्निंग लाइसेंस शिविरो का आयोजन कालेजो में किया जा रहा है। जिसमें शुक्रवार को ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय और न्यू साइंस कालेज र में जाकर,परिवहन विभाग द्वारा कालेज में शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए लाइसेंस के शिविर लगाये गये।जिसमें मुख्यतः इस बात का विशेष प्रशिक्षण दिया गया कि सभी छात्र/छात्राए अपने से बिना परिवहन कार्यालय गये फ़ेसलेस लार्निग लाइसेंस बना सके। जिसके लिये परिवहन विभाग ने विशेष रूप से प्रशिक्षित सुखिनन्द और सचिन सोनी से बच्चों को प्रशिक्षण दिलाया और दोनों महाविद्यालयों में बच्चो के लाइसेंस बनाकर कालेजो के प्राचार्य के हाथों छात्रो को प्रदाय किए गए और परिवहन सुरक्षा स्क्वाड के कर्मचारियों द्वारा छात्रों को सड़क सुरक्षा के संबंध में लाइसेंस हेलमेट और यातायात के नियमों की जानकारी साझा की।वही बच्चों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

# कृषि विभाग से नहीं मिल रहा खाद, बीज

### मजबूरी में व्यापारियों के हाथ लूटने को मजबूर किसान

**मऊगंज**। जिले के नईगढ़ी मे खरीफ मौसम की बोनी के ऐन वक्त पर कृषि विभाग में जहां प्रमुख फसल का बीज आज तक पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंचा, वही जो बीज आया वह भी कहां गायब हो गया किसानों को पता नहीं। कृषि विभाग में बीज का टोटा लगा होने से अन्नदाता दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं। बीज न मिलने से क्षेत्र के किसानों को मजबूरी में व्यापारियों के हाथ लूटना पड़ रहा है। किसानों के पास सबसे बड़ी मुसीबत यह सामने आ रही है। कि किसी भी व्यापारी द्वारा अपने दुकानों में किसी भी किस्म के खाद,बीज की निर्धारित रेट सूची नहीं लगाई गई।

### परेशान क्षेत्र का अन्नदाता

मूल्य का निर्धारण ना होने के कारण दुकानदार मनमानी रेट पर बीज बिक्री कर रहे हैं। और जिम्मेदार विभाग है कि जांच के नाम पर मऊगंज एवं रीवा शहर में बैठकर खानापूर्ति कर रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा ब्लॉक स्तर पर आज तक ना तो पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध कराया गया और ना ही किसानों से मनमानी लूट कर रहे इन विक्रेताओं पर किसी प्रकार की कार्रवाई की जाती है ।अल्प मात्रा में जो बीज उपलब्ध थे। किसानों का आरोप है। वह बीज सिर्फ रासूकदारों को मुहैया कराया जा रहा है। क्षेत्रीय किसानों की माने तो कृषि कल्याण विभाग की परंपरा ही बन गई है। जब किसानों को फसल बोने का समय होता है। तब विभाग द्वारा पर्याप्त मात्रा में बीच प्रदाय नहीं किया जाता समय पर बीज न मिलने से परेशान किसान दुगुना तिगुना महंगे दाम पर व्यापारियों से दुकानों के बीज खरीद कर अपने खेतों की बोनी कर रहे हैं। वर्तमान खरीफ फसल बोनी का महीना चल रहा है। जब किसानों को बीज की अति आवश्यकता है। उस समय पर कृषि विभाग के जिम्मेदारों द्वारा अपनी जिम्मेदारी ना निभाए जाने से परेशान अन्नदाताओं में आक्रोश का माहौल निर्मित है। बीज न मिलने और व्यापारियों द्वारा निर्धारित रेट सूची न लगाए जाने एवं मनमानी रेट पर बीज बिक्री किए जाने से किसान चिंतित है।

### व्यापारी कर रहे मनमानी

मऊगंज जिले के नईगढ़ी विकासखंड में कृषि विभाग में खरीफ मौसम की बोनी हेतु पर्याप्त बीज उपलब्ध न होने से खाद बीज विक्रेता पूर्ण रुपए मनमानी पर उतारू आलम यह है कि एक तो व्यापारी महके दामों पर बीच की बिक्री करते हैं दूसरे किसी भी बीज के विक्रेता किसी को बेची गई सामग्री का बिल नहीं देते साथ ही व्यापारियों द्वारा बीज के शुद्धता के गारंटी भी नहीं ली जाती अक्सर देखने में आता है कि व्यापारियों द्वारा बिक्री किया गया बीज घटिया स्तर का होता है। इस



हालत में यदि क्षेत्र का किसान व्यापारी के पास अपनी समस्या सुनाता हैं। तो व्यापारी सीधे मुकर जाता है। क्योंकि किसान के पास बीज खरीदने का बिल नहीं होता इस हालत में परेशान किसान ऐसे व्यापारियों की शिकायत भी नहीं कर पाता ऐसा भी नहीं की ऐसी परेशानियों से परेशान किसानों द्वारा विभाग की आला अधिकारियों तक अपनी परेशानी नहीं सुनाई गई। बल्कि हकीकत है कि किसानों की समस्या विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सुनते ही नहीं है। जिससे साफ तौर से जाहिर होता है कि कहीं ना कहीं व्यापारियों एवं निरीक्षण दल के बीच मिल बाटकर खाने की खिचड़ी पकती है। और यही प्रथा के चलते किसानों की शिकायत पर दुकानदारों को उपयुक्त करते हुए जिम्मेदार सीधे तौर पर से अन्नदाताओं की शिकायत को दबा दिया जाता है।

### निरीक्षण के नाम पर खाना पूर्ति

जिले के नईगढ़ी विकासखंड में अधिकतर विधि विरुद्ध खाद बीज की दुकानें संचालित है। जमीनी हकीकत देखी जाए तो स्थित कुछ इस कदर है कि एक दुकान के लाइसेंस पर दुकानदार कई दुकानें संचालित कर रहे हैं। वैसे तो इन दुकानों में बिकने वाले खाद बीज के गुणवत्ता एवं उपलब्ध स्टॉक बिक्री आदि के निरीक्षण हेतु ब्लॉक से लेकर जिले स्तर में निरीक्षण दल बनाया गया है लेकिन इतिहास गवाह है कि यह निरीक्षण दल कभी भी खाद बीज विक्रेताओं के दुकान की जांच परख नहीं करता यदि जिम्मेदार निरीक्षण दल द्वारा जांच की जाती तो महज कागजों तक ही सीमित रह जाती है। कई बार तो ऐसी भी स्थिति निर्मित होती है कि अधिकारी आते हैं और बिना किसी प्रकार की जांच किए ही खाना पूर्ति कर कागजी घोड़ा दौड़ते हैं। और वापस शहर की ओर लौट जाते हैं। इतना ही नहीं रीवा शहर में बैठे-बैठे निरीक्षक टीम द्वारा व्यापारियों को बुलाकर अपना निरीक्षण पूरा कर लिया जाता है। अधिकारियों द्वारा नियमानुसार निरीक्षण न करने से यहां शासकीय वाहन प्रयोग के नाम पर डीजल खर्च आदि का फर्जी बिल वाउचर लगाकर राशि आयोजित कर ली जाती है। वही बिना समय एवं मेहनत लगाए शहरों में बैठकर कर्मचारी अधिकारी शासन की योजनाओं को पलीता लगाने में मश्गूल है।

# मुख्यमंत्री ने 1.29 करोड़ लाड़ली बहना हितग्राहियों को 1574 करोड़ रुपए किए जारी

**रीवा**। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने टीकमगढ़ जिले के ग्राम छिपरी में आयोजित समारोह में लाड़ली बहना योजना की हितग्राहियों को राशि जारी की। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से एक करोड़ 29 लाख हितग्राहियों को 1574 करोड़ रुपए की राशि जारी की। मुख्यमंत्री ने किसान कल्याण योजना से 81 लाख किसानों को 1630 करोड़ रुपए तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के 55 लाख हितग्राहियों को 330 करोड़ 96 लाख रुपए की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना का लाभ ले रही लाड़ली बहना योजना की 24 लाख हितग्राहियों को 41 लाख रुपए की अनुदान राशि जारी की। समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जन कल्याण के कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से कर रही है। आज हमें आशीर्वाद देने के लिए श्री रविशंकर रावतपुरा सरकार



महाराज का सानिध्य मिला है। संतों के आशीर्वाद से सब काम सरलता से हो जाएंगे। महाराज जी ने छिपरी के चारो ओर लगभग दो लाख पौधे रोपित कराकर इसे हरा-भरा बनाया है। मुख्यमंत्री ने ग्राम छिपरी का नाम परिवर्तित करके मातृधाम करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृधाम का पर्यटन केन्द्र के रूप में विकास किया जाएगा। यहाँ उद्योग स्थापित करने के लिए निवेशकों को पूरी सुविधा दी जाएगी। समारोह में श्री रावतपुरा सरकार ने मुख्यमंत्री जी को प्रदेश के विकास के लिए आशीर्वाद दिया। समारोह में केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री वीरेन्द्र कुमार तथा सांसद खजुराहो श्री व्हीडी शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों का स्वागत विधायक हरिशंकर खटिक ने किया।

समारोह में मुख्यमंत्री ने रीवा जिले की लाड़ली बहना योजना की 4 लाख 10 हजार 323 महिलाओं को 50 करोड़ 46 लाख 79 हजार 900 रुपए की राशि जारी की। मुख्यमंत्री ने किसान कल्याण योजना से रीवा जिले के एक लाख 65 हजार 206 किसानों को योजना की राशि जारी की। जिले का मुख्य कार्यक्रम नगर निगम के टाउनहाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने हितग्राहियों को हित लाभ का वितरण किया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर कार्यालय से अपर कमिश्नर अरूण परमार, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी, उपायुक्त डीएस सिंह तथा अन्य अधिकारी शामिल रहे।

# हनुमना जनपद केअधिकारी, कर्मचारी बिना सूचना के रहते गायब

### एसडीएम के निरीक्षण में हुआ खुलासा

**मऊगंज**। जिले के हनुमना जनपद पंचायत के कई अधिकारी और कर्मचारी तमाम निर्देशों के बाद भी बिना किसी सूचना के गायब रहते है जिन पर नकेल कसने के लिए हनुमना एसडीएम राजेश मेहता के औचक निरीक्षण में जनपद के 07 अधिकारी व कर्मचारी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस भेजा गया वही तीन दिवस के अंदर जवाब मांगा है। कार्यालय जनपद पंचायत हनुमना के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हनुमना द्वारा दिनांक 05 जुलाई 2024 को समय दोपहर 12 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें आरके सिंह,बसंतलाल पटेल ,अजय पटेल, प्रतिभा सिंह,अनुज कुमार




शुक्ला,अर्जुन सिंह,अभिषेक सिंह, बिना किसी सक्षम अधिकारी से अवकाश स्वीकृति कराये बिना कार्यालय से अनुपस्थित रहें है वही दात्यित्वों के प्रति घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता उक्त कृत्य लापरवाही अनुशासनहीनता तथा स्वेच्छाचारिता का द्योतक है तथा म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के उपनियम मे प्रावधानित नियमो के प्रतिकूल होने से म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत दण्डनीय है। विरूद्ध अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हनुमना द्वारा दिनांक 05 जुलाई 2024 को अवैतनिक करते हुए अनुशंसनात्मक कार्यवाही हेतु अनुसंशा की है। वही 03 दिवस के अंदर जवाब मांगा है अन्यथा की अनुशंसनात्मक कार्यवाही की जावेगी।